# आकाशवाणी शिमला
## 11.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

### जन संकल्प सम्मेलन

प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आज मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में कई एतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनका समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही कैबिनेट की पहली बैठक में ओपीएस बहाली का एतिहासिक निर्णय लिया जिसका कर्मचारियों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा ओपीएस बहाली के बाद केन्द्र सरकार ने हिमाचल की 16 सौ करोड़ रूपए की ग्रांट बंद कर दी है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा जैसी चुनौती से निपटते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के अलावा उन्हें सहायता राशि देकर पुनर्वास का कार्य भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर शासन और वित्तीय मामलों पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहा है लेकिन सरकार चुनौतियों के बावजूद सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल अपने संसाधनों से व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने सम्बोधन में राज्य की नौकरशाही को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की लापरवाही या आदेशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता राज्य सरकार के खिलाफ साजिश रचने के अलावा केन्द्रीय अनुदान को भी रूकवा रहे हैं। अग्निहोत्री ने अपनी ही सरकार को तुरंत और निर्णायक कार्रवाई की भी सलाह दी। रैली में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के अलावा अन्य मंत्रिमण्डल के सदस्य और कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल सहित कई पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर मण्डी में आयोजित जश्न को असफल शासन व्यवस्था और जनता को दिए धोखे का खुला महोत्सव करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने रैली में मंच से जिस तरह के बयान दिए उनसे स्पष्ट है कि सरकार अंदर से टूट चुकी है और आपसी राजनीति में उलझी हुई है। रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार तीन साल बाद विकास का कोई आंकड़ा नहीं दिखा पाई और अब सत्ता का दुरूपयोग कर अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ–साथ जनता को धमकाने का रास्ता अपना रही है। उन्होंने कहा कि आपदा में अपने घर को खो चुके परिवार आज भी मुआवजे और राहत का इंतजार कर रहे हैं जबकि सरकार जश्न मना रही है।

### विपिन परमार

इस बीच प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने मण्डी में आयोजित कांग्रेस सरकार के जनसंकल्प सम्मेलन को नाकामी, झूठी घोषणाओं और जनता पर डाले गए बोझ का जुलूस बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि रैली में बेरोजगार नर्सें हाथों में तख्तियां लेकर न्याय की मांग कर रहीं थीं जबकि सरकार जश्न मनाकर उनकी आवाज को दबाती रही। विपिन परमार ने कहा कि इस बात से स्पष्ट है कि सरकार का चरित्र जनता विरोधी और संवेदनहीन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 40 हजार करोड़ का कर्ज़ चढ़ाकर प्रदेश में जहां संस्थान बंद कर दिए वहीं विकास कार्य भी ठप्प पड़े हैं।

**सिकंदर**

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया है कि केन्द्र सरकार ने एक सौ 50 करोड़ रूपए वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हिमनद झील विस्फोट बाढ़ जोखिम शमन परियोजना के लिए चार राज्यों अरूणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखण्ड में कार्यान्वयन के लिए मंजूरी दे दी है। राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जोखिम शमन परियोजना का उद्देश्य लाहौल स्पिति सहित आपदा प्रवण क्षेत्रों में हिमनद झील विस्फोट बाढ़ से जुड़े जोखिमों को कम करना है।

———————————